चलो रे भाई जल को चढ़ाने भोले के दरबार में

हर हर बम बम गूंज रहा है अब सारे संसार में,
चलो रे भाई जल को चढ़ाने भोले के दरबार में,

बड़े दयालु बाबा हमारे कष्ट सभी वो हर लेंगे,
सचे दिल से याद करो बाबा भंडारे भर लेंगे,
झूम रहे है देखो कावड़िया दी जे झंकार में,
चलो रे भाई जल को चढ़ाने भोले के दरबार में,

सभी डगर है मगर न देखो पैरो के तुम छालो को,
जीवन अपना सौंप दो सारा बाबा डमरू वाले को,
सचा नाम है शिव शम्भू का इस सारे संसार में,
चलो रे भाई जल को चढ़ाने भोले के दरबार में,

निकल पड़े है सारे कावड़ियाँ लेकर कावड़ हाथ में,
खा कर बाबा की भुटटी सब झूम रहे है साथ में,
डूभ गए है हम भी तो अब भोले जी के प्यार में,
चलो रे भाई जल को चढ़ाने भोले के दरबार में,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/11951/title/chlo-re-bhai-jal-ko-chadaane-bhole-ke-darbar-me

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |